# पेपर लीक नहीं, यह बच्चों की लाइफ लीक है!

## खंडवा में गूंजी छात्रों की पीढ़ा, कांग्रेस के युवा संवाद में छलका दर्द



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। यह सिर्फ पेपर लीक नहीं है, यह बच्चों की लाइफ लीक है। नीट जैसी परीक्षाओं में हो रही धांधली और शिक्षा तंत्र की नाकामी के खिलाफ युवाओं का यह आक्रोश शनिवार को गांधी भवन में फूट पड़ा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के राष्ट्रव्यापी अभियान युवा संवाद ङ्क छात्रों की गूंज के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी। आपके विचार, हमारा संकल्प ङ्क मिलकर बेहतर भारत विषय पर आयोजित इस संवाद में युवाओं ने सिस्टम की इस क्रूरता के चलते अब वे घुट-घुट कर जीने को मजबूर हैं और व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन वक्त की सबसे बड़ी मांग है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गांधी भवन में प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को राहुल गांधी के कोटा में हुए संबोधन से भी सीधा जोड़ा गया।**

संवाद के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने सिस्टम की क्रूरता का शिकार हुई छात्रा आकांक्षा का जिक्र करते हुए माहौल को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द होने के बाद एक होनहार छात्रा का अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेना आकांक्षा की नहीं, बल्कि हमारे देश के उस क्रूर एजुकेशन सिस्टम की नाकामी है, जिसने धांधली के बाद बच्चों की मन:स्थिति को समझने और उनकी काउंसलिंग के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं की।

इसी दर्द को आगे बड़ाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि सीमित आमदनी और खेती-किसानी करने वाले माता-पिता अपना सब कुछ न्योछावर कर बच्चों को पड़ने भेजते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी उम्मीदों की हत्या कर देती हैं। उन्होंने कहा कि अब हमें डॉक्टर, इंजीनियर और आर्मी से आगे बड़कर वैकल्पिक शिक्षा पर जोर देना होगा। इसके लिए कार्यक्रम में एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया, जिसे स्कैन कर युवा शिक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर अपने सीधे सुझाव रख सकते हैं।

कार्यक्रम में युवाओं ने भी अपनी पीड़ा और समाधान दोनों मंच पर रखे। छात्रा यशस्वी ने कहा कि कांग्रेस के इस इनिशिएटिव से युवाओं को अपने स्थानीय और गंभीर मुद्दे उठाने का एक बड़ा मंच मिला है। उसने सुझाव दिया कि 12वीं के बाद ही बच्चों के लिए सटीक करियर काउंसलिंग अनिवार्य होनी चाहिए ताकि उन्हें सही दिशा मिल सके। एक अन्य छात्र ने आक्रोश जताते हुए कहा कि दूर-दराज से आने वाले किसानों और गरीबों के बच्चे जब सिस्टम की नाकामी का शिकार होते हैं, तो आकांक्षा जैसी होनहार बेटियों को आत्महत्या करनी पड़ती है, यह पूरी तरह से सिस्टम की असफलता है।

युवा संवाद की सफलता को देखते हुए अध्यक्षद्वय ने घोषणा की कि अब हर माह गांधी भवन में छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मुनीश मिश्रा, डॉ. शरद हरणे, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, विकास व्यास, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जैन, इमरान गौरी, मनोज मंडलोई, सागर पवार, अयान, दशरथ सिटोले, संदीप सोनी, चंदन राजपूत, अमन बाकोरिया, धर्मेन्द्र सिंह राठौर, शांतनु दीक्षित, अल्ताफ कुरैशी, शोएब, नमेश बारे, भुवनेश जोशी, फरहान शेख, योगेश जांगि, समीर खान, वकील नीलकंठ सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# डेढ़ वर्ष बाद परिवार से मिली 11 वर्षीय बालिका

## बाल कल्याण समिति के प्रयासों से हुआ सफल पुनर्वास



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** छगांवमाखन थाना क्षेत्र की 11 वर्षीय बालिका का लगभग डेढ़ वर्ष बाद सफल पारिवारिक पुनर्वास किया गया। बाल कल्याण समिति के सतत प्रयास के बाद बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिवार से मिलाया गया। यह पुनर्मिलन फादर्स डे के अवसर पर हुआ, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। जानकारी के अनुसार, मार्च 2025 में प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों और माता के निधन के बाद बालिका की समुचित देखभाल नहीं हो पा रही थी। ऐसे में उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के निर्देशन में पहले उसे वन स्टॉप सेंटर और बाद में मुस्कान बालिका गृह में संरक्षण दिया गया, जहां उसे शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और नियमित मनोवैज्ञानिककाउंसलिंग उपलब्ध कराई गई। शुरुआत में बालिका परिवार के पास लौटना नहीं चाहती थी, लेकिन लगातार परामर्श, स्नेहपूर्ण माहौल और शिक्षा के कारण उसके व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव आया। इस दौरान बाल कल्याण समिति हर तीन माह में बालिका गृह का निरीक्षण कर उसकी प्रगति की समीक्षा करती रही। दूसरी ओर समिति ने परिवार की भी नियमित काउंसलिंग की, जिससे पिता-पुत्री के बीच विश्वास और अपनापन फिर से स्थापित हो सका। दीपावली के अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने मुस्कान बालिका गृह पहुंचकर बालिकाओं के बीच मिठाई और उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना मजबूत हुई। इस पुनर्वास प्रक्रिया में समिति के सदस्य मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, स्वप्निल जैन और कविता पटेल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि हर बच्चे को संरक्षण के साथ परिवार का स्नेह और बेहतर भविष्य का अवसर मिलना चाहिए। सफल पुनर्वास ही बाल संरक्षण की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# आंधी से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचीं विधायक कंचन तनवे, फसलों को हुए नुकसान का लिया जायजा, दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पिछले दिनों प्री-मानसून के दौरान आई तेज आंधी और 70 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं से रामनगर क्षेत्र में कई मकानों को नुकसान पहुंचा। प्रभावित परिवारों का हाल जानने शनिवार को खंडवा विधायक कंचन तनवे रामनगर पहुंचीं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक ने प्रभावित मकानों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का शीघ्र सर्वे कर वास्तविक आकलन किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसी भी परिवार को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और प्रशासन हरसंभव मदद सुनिश्चित करेगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव, मोहन गंगराड़े, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत चौरसिया सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# बलखड़ में विधिक जागरूकता शिविर

## नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बलखड़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से जानलेवा बीमारियां, मानसिक तनाव, आर्थिक संकट और सामाजिक समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। श्री भावे ने ग्रामीणों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंद और पात्र नागरिकों को नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं विधिक परामर्श उपलब्ध कराता है।

किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ लेने की अपील भी की गई।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पैरा लीगल वालंटियर सत्य प्रकाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जनजागरूकता फैलाने का संकल्प भी दोहराया।

# विधायक ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

## 28 से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान







**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विधायक कंचन तनवे ने शनिवार को जिला चिकित्सालय परिसर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से असुरक्षित न रहे। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिलेभर के पोलियो बूथों पर 5 वर्ष तक के लगभग 1.75 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से शुरू होकर नगर निगम, घंटाघर, बॉम्बे बाजार, मच्छी बाजार और जलेबी चौक से होते हुए पुन: जिला चिकित्सालय पहुंची। इस दौरान सीएमएचओ डॉ ओपी जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अनिल तंतवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए जनपद पंचायतों, नगर निकायों, ग्राम सचिवों और कोटवारों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कहा है। स्वास्थ्य विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, वनग्रामों और दुर्गम इलाकों में भी विशेष पोलियो बूथ बनाए हैं, ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे।

# पुलिस गिरफ्त में नकबजनी का आरोपी

## रू1 .20 लाख का चोरी का माल बरामद

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा** जिले की देशगांव चौकी पुलिस ने नकबजनी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख 20 हजार रुपये मूल्य के चोरी के जेवर और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 16 जून को ग्राम सहेजला निवासी धर्मेंद्र राजपूत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश खिड़की तोड़कर घर में घुसा और अलमारी व पेटी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी देवेंद्र पिता रामसिंह मोरे (30 वर्ष), निवासी चांदनीपुरा, ढोली मोहल्ला, सनावद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी का पूरा मशरुका जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस ने बताया कि आरोपी सनावद थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ पहले से 12 चोरी के मामले और आर्म्स एक्ट का एक प्रकरण दर्ज है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र नाथ पांडे, उपनिरीक्षक रामप्रकाश यादव, उपनिरीक्षक गणेश पाटीदार, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक जितेंद्र राठौर, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र वर्मा तथा आरक्षक अनुप गौर की सराहनीय भूमिका रही।



# 24 घंटे में 16 .2 मिमी औसत बारिश, खालवा सबसे ज्यादा भीगा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 16 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 74 मिमी बारिश खालवा तहसील में हुई, जबकि खंडवा में 2 मिमी, पुनासा में 5 मिमी और नया हरसूद व पंधाना में बारिश दर्ज नहीं हुई।जिले में इस मानसून अब तक 75 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले वर्ष 27 जून तक 149 .8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी। वर्तमान में सबसे अधिक 112 मिमी वर्षा पुनासा तहसील में दर्ज की गई है।

# जिलेभर में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के चौथे दिन खंडवा पुलिस ने जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड परिसर, पंधाना पुलिस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपलोद पुलिस ने ग्राम सिंगोट बस स्टैंड, धनगांव पुलिस ने धनगांव कस्बे, मान्धाता पुलिस ने जेपी चौक, नर्मदानगर/पुनासा पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्र, मुंदी पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, किल्लोद पुलिस ने पिपलानी आंगनबाड़ी, हरसूद पुलिस ने पटेल मोहल्ला आंगनबाड़ी तथा खालवा पुलिस ने बस स्टैंड पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान पुलिस ने नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवायसी अपडेट, ओटीपी साझा करने के खतरे, यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की सलाह दी गई। खंडवा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी का सामना हो, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**सफलता** — प्रतिभा, मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर

# ऋषित ने कनाडा में लहराया सफलता का परचम




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर होनहार युवा ऋषित पंकज जैन ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल कर शहर का नाम गौरवान्वित किया है। मूल रूप से खंडवा निवासी ऋषित वर्तमान में कनाडा में निवास कर रहे हैं। उनके पिता पंकज जैन कनाडा में ऑडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि ऋषित ने कनाडा की प्रतिष्ठित कार्लेटन यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) की डिग्री उत्कृष्ट अंकों के साथ प्राप्त की है। उनकी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रमाण यह है कि डिग्री पूरी होने से पहले ही उन्हें विश्व की अग्रणी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्किंग कंपनी सिएना के ओटावा स्थित कार्यालय में नौकरी का अवसर मिल गया। प्रेमांशु चौधरी ने कहा कि ऋषित की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि खंडवा और पूरे समाज के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है कि कड़ी मेहनत, लगन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर वैश्विक स्तर पर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।ऋषित पंकज जैन की इस सफलता पर समाज अध्यक्ष वीरेंद्र भटयांण, नितिन जैन, डॉ. इंद्रकुमार जैन, डॉ. दिलीप जैन, दिनेश जैन, नरेंद्र जैन, अतुल जैन, राजेश जैन, पंकज जैन, अरुण सराफ, रजनीश जैन, मिलन जैन, संकल्प जैन, सोहेल जैन, प्रेमांशु चौधरी, प्रणय जैन, प्रत्युष जैन, श्रीमती मीना जैन, रंजन जैनी सहित समाजजनों, परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।